CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 212 ▫ रायपुर, मंगलवार 25 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### अरबों के अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश, 150 शिकायतें

## एक ही म्यूल अकाउंट से 21 राज्यों में हुई ठगी, 1 आरोपी गिरफ्तार, 1 फरार

**रायपुर, 25 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर से देश के सबसे बड़े साइबर फ्रॉड में से एक का खुलासा हुआ है। यहां के एक बैंक खाते से 21 राज्यों में 150 लोगों से 113 करोड़ 32 लाख 9 हजार 604 रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के पोर्टल से मिली शिकायतों के बाद एसपी योगेश पटेल की टीम ने जांच शुरू की तो पूरा अंतरराज्यीय नेटवर्क सामने आ गया। पुलिस जांच में पता चला कि देवनारायण चक्रधारी और महेश कुमार चक्रधारी ने मिलकर भारतीय स्टेट बैंक की सूरजपुर शाखा में D.N. Chakradhari Education Development Association नामक संस्था के संस्थापक के नाम पर खाता खुलवाया था। इसी खाते को म्यूल अकाउंट के तौर पर इस्तेमाल किया गया। अलग-अलग राज्यों में ठगी की गई रकम को इसी खाते में मंगाया जाता था और फिर यहां से आरोपियों के निजी खातों में 45 लाख रुपये ट्रांसफर किए गए।



पुलिस के मुताबिक यह सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने का तरीका था। यह पूरा मामला एल4सी के ज्वाइंट साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन पोर्टल से सामने आया। देश के 21 राज्यों में हुई साइबर ठगी के मामलों में पीड़ितों ने अलग-अलग शिकायतें की है। जांच में खुलासा हुआ कि ठगी की रकम इसी खाते में जमा की गई।

समन्वय पोर्टल पर लगभग 150 शिकायतें लिंक होने के बाद सूरजपुर पुलिस को अलर्ट मिला। खाते की जांच करने पर 113 करोड़ 32 लाख 09 हजार 604 रुपये के संदिग्ध लेन-देन का खुलासा हुआ। यह खाता अब सिर्फ सूरजपुर का मामला नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की साइबर जांच का हिस्सा बन गया है। चालाक साइबर ठगों ने अपना यह कारोबार चलाने के लिए छत्तीसगढ़ के एक छोटे शहर को चुना और चक्रधारी बंधुओं का इस्तेमाल किया।

इस मामले में पुलिस ने महेश कुमार चक्रधारी को गिरफ्तार कर लिया है। हैरानी की बात यह है कि महेश को इसी तरह के साइबर फ्रॉड में मुंबई पुलिस ने पहले गिरफ्तार कर जेल भेजा था और वह मुंबई जेल में बंद था। सूरजपुर पुलिस ने उसे वहां से लाकर इस केस में गिरफ्तार किया। वहीं दूसरा मुख्य आरोपी देवनारायण चक्रधारी अभी फरार है और पुलिस उसकी तलाश में दबिश दे रही है। एसपी योगेश पटेल के अनुसार इस नेटवर्क में और भी लोग जुड़े हो सकते हैं। एसपी योगेश पटेल ने बताया कि 21 राज्यों के 150 खाताधारकों की दर्ज शिकायतों में कुल 113 करोड़ 32 लाख 9 हजार 604 की रकम ठगे जाने की बात सामने आई है। आरोपियों ने कथित तौर पर सुनियोजित तरीके से अवैध धन अर्जित करने के उद्देश्य से इस बैंक खाते का इस्तेमाल किया। इस बैंक अकाउंट के माध्यम से अन्य राज्यों में साइबर ठगी किए जाने के संकेत मिले हैं। फरार देवनारायण चक्रधारी ने 25 मई 2023 को मिनिस्ट्री ऑफ कॉरपोरेट अफेयर्स, गुरुग्राम से संस्था का पंजीयन कराया था। इसके बाद सूरजपुर स्थित स्टेट बैंक में संस्था के नाम से संयुक्त खाता खोला गया।

### इन राज्यों से ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन

छत्तीसगढ़ समेत मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िसा, पंजाब, राजस्थान तमिलनाडु उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल, झारखंड, उत्तराखंड, तेलंगाना मेघालय, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, गुजरात, दिल्ली, बिहार व जम्मू कश्मीर में दर्ज 150 शिकायतों में 113 करोड़ से अधिक की ऑनलाइन ठगी की जांच में उक्त खाते में रकम का ट्रांजेक्शन किए जाने की पुष्टि हुई थी।इस मामले में 22 फरवरी 2026 को कोतवाली सुरजपुर मे उक्त दोनों आरोपितों के विरुद्ध बीएनएस की धारा 317 (4), 316 (2), 61 (2) (ए), 3 (5) के तहत अपराध दर्ज किया था। गिरफ्तार आरोपित महेश चक्रधारी व फरार आरोपित देवनारायण चक्रधारी बांसा पारा गंगौटी गांव के रहने वाले है। देवनारायण अपनी पंजीकृत संस्था के बैंक खाते का उपयोग म्यूल एकाउंट के रूप में करता है। गिरफ्तार आरोपित फस्ट लेयर का आरोपित नजर आ रहा है।

### एटीआर के प्रतिबंधित क्षेत्र में जाना पड़ा भारी

## बाघिन के हमले से युवक की मौत

**बिलासपुर/मुंगेली, 25 अगस्त (हाईवे चैनल)।** अचानकमार टाइगर रिजर्व के प्रतिबंधित वन क्षेत्र में प्रवेश करना एक युवक को उस वक्त महंगा पड़ गया, जब दो शावकों के साथ घूम रही बाघिन ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। इस घटना से हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, घटना 24 अगस्त की है। ग्राम बांधा निवासी धर्मजीत धृतलहरे (23) अपने साथी भानु प्रताप, शिवशंकर ध्रुव, दशरथ धृतलहरे और रामफल धृतलहरे के साथ जंगल में पिहरी (मशरूम) निकालने गया था। ये सभी युवक जोगीपुर परिसर के पाड़ाडोंगरी के पास पहुंचे ही थे कि अचानक दो शावकों के साथ घूम रही बाघिन ने इन पर हमला बोल दिया और युवकों को दौड़ा लिया। इस दौरान धर्मजीत धृतलहरे बाघिन की चपेट में आ गया। बाघिन ने युवक की गर्दन पर सीधा वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथ गए दोस्तों ने धर्मजीत को बचाने और जंगल से बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन वे विफल रहे। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को बरामद किया।

एटीआर के एसडीओ समीर जोनाथन ने बताया कि बाघिन के हमले से युवक की मौत की प्रारंभिक पुष्टि हुई है। बाकी स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी। उच्च अधिकारी मौके पर जाकर स्थिति का अवलोकन करेंगे। चूंकि



बाघिन अभी अपने शावकों के साथ घटनास्थल के आसपास ही है, इसलिए आसपास के ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने की कड़ी समझाइश दी गई है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि 15 जून से 31 अक्टूबर तक मानसून अवधि के दौरान टाइगर रिजर्व के कोर और प्रतिबंधित वन क्षेत्रों में प्रवेश पूरी तरह से वर्जित रहता है। स्पेशल टाइगर प्रोटेक्शन फोर्स और पैदल गार्ड लगातार ग्रामीणों को जंगल न जाने की समझाइश दे रहे हैं। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर प्रतिबंधित क्षेत्र में जाने से यह बड़ा हादसा हुआ। वन विभाग ने पुन: अपील की है कि मानसून अवधि में कोई भी अनावश्य रूप से जंगल में प्रवेश न करे।

### ब्रेकिंग न्यूज

### अमेरिका ने कसा ईरान पर शिकंजा, भारत की चार कंपनियों पर भी प्रतिबंध

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (न्यूज चैनल)।** अमेरिका ने ईरान से जुड़े पेट्रोलियम और पेट्रोकेमिकल कारोबार तथा खरीद नेटवर्क में कथित भूमिका को लेकर भारत की चार कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, यह कार्रवाई ईरान की सैन्य गतिविधियों, खरीद नेटवर्क और पेट्रोलियम-पेट्रोकेमिकल कारोबार को निशाना बनाने वाले ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट के तहत की गई है। अमेरिकी विदेश विभाग ने जिन भारतीय कंपनियों का नाम लिया है, उनमें पोर्टईज पार्टनर्स एलएलपी, सदाशिवा ओवरसीज लिमिटेड, पीपी सॉफ्टटेक प्राइवेट लिमिटेड और प्रकृतीज इंफ्रा इम्पेक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। अमेरिका ने इन कंपनियों पर ईरानी मूल के पेट्रोलियम या पेट्रोकेमिकल उत्पादों के कारोबार में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। अमेरिकी विदेश विभाग का दावा है कि पोर्टईज पार्टनर्स एलएलपी ने ईरान से भारत में कई खेपों में पेट्रोकेमिकल उत्पादों के आयात में मदद की।

### 70वीं बीपीएससी परीक्षा रद्द कराने की मांग पर पटना में बवाल, वाटर कैनन के बाद लाठीचार्ज

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (न्यूज चैनल)।** 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर मंगलवार को पटना में छात्रों का प्रदर्शन उग्र हो गया। गांधी मैदान से राजभवन की ओर मार्च कर रहे प्रदर्शनकारियों ने रास्ते में लगी पुलिस बैरिकेडिंग तोड़ दी और प्रतिबंधित क्षेत्र की ओर बढ़ने की कोशिश की। छात्रों को रोकने के लिए पुलिस ने पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल किया, लेकिन हालात नहीं संभले तो पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को पीछे हटाया। लाठीचार्ज में एक छात्र के सिर में चोट लगने की बात सामने आई है।




**चूहा- सुनती हो, भूपेश बघेल ने स्वीकार की उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की बहस की चुनौती।**

**चुहिया- हां जी, बहसबाजी से देश थोड़ी ही चलता है... काम करके दिखाना चाहिए।**

### जवानों को मिली सफलता

## जंगल में हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद




**कांकेर, 25 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कांकेर में नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी सफलता मिली है. मोरखण्ड़ी जंगल में जमीन के नीचे छिपाकर रखे हथियारों का जखीरा बरामद किया गया है. बीएसएफ, जिला बल और बीडीएस की संयुक्त टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है।

कांकेर के नक्सल प्रभावित सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा बलों का संयुक्त सर्चिंग अभियान लगातार जारी है. इसी कड़ी में 24 अगस्त को छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के ग्राम मोरखण्डी के जंगल-पहाड़ी इलाके में जवानों ने सर्चिंग के दौरान संदिग्ध स्थान की जांच की. इस दौरान सुरक्षा बलों को नक्सलियों का बड़ा डंप मिला. जवानों ने डंप की तलाशी ली तो उसमें हथियार समेत बड़ी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद हुई. सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर बीडीएस (बम डिस्पोजल स्क्वॉड) की टीम भी मौजूद रही। सुरक्षा बलों ने नक्सली डंप बरामद करने को अभियान में महत्वपूर्ण सफलता बताया है. सर्चिंग अभियान के बाद सभी जवान सुरक्षित कैंप लौट गए. पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा बलों का सघन सर्चिंग अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## दिल्ली में बढ़ रहे स्वाइन फ्लू के मामले

### सरकार अलर्ट, बुलाई हाई-लेवल मीटिंग

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (न्यूज चैनल)।** दिल्ली में स्वाइन फ्लू (एच1एन1) के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इस साल दिल्ली में इन्फ्लुएंजा-ए के 2,300 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। इनमें शुक्रवार तक एच1एन1 के 1,777 से अधिक मामले शामिल हैं। वहीं, हस्वास्थ्य विभाग के अनुसार, अकेले गुरुवार को 114 नए एच1एन1 मरीज मिले। वहीं, स्वाइन फ्लू के मामले बढ़ने के बीच दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. पंकज सिंह ने एक उच्च-स्तरीय बैठक बुलाई है। बैठक में मौजूदा हालात की समीक्षा और रोकथाम व नियंत्रण के उपायों पर चर्चा हो




रही है। दिल्ली सरकार ने लोगों से अपील की है कि स्वच्छता का ध्यान रखें, भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें, खांसते-छींकते समय मुंह-नाक ढकें, साबुन से हाथ धोएं और जरूरत पड़ने पर मास्क पहनें। अस्पतालों में पर्याप्त बेड, डॉक्टर, दवाएं और उपकरण उपलब्ध हैं। 35 अस्पतालों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए है। दिल्ली में इन्फ्लुएंजा-ए के कुल मामले लगभग 2,392 हैं, जिनमें एच1एन1 प्रमुख है। इन्फ्लुएंजा ए+बी के कुल मामले लगभग 2,602 हैं। दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा पहले दिए गए आंकड़ों के अनुसार एच1एन1 के लगभग 1,777 से अधिक मामले दर्ज हैं।

इन दिनों बुखार और वायरल के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। दिल्ली में किए गए सर्वे में 54 फीसदी घरों में कम से कम एक व्यक्ति को बुखार, खांसी, गले में खराश, नाक बहना या शरीर में दर्द जैसे फ्लू और वायरल फीवर से पीड़ित हैं। वहीं, 23 फीसदी घरों में चार या उससे अधिक लोग एक साथ इन लक्षणों से परेशान हैं। लोकलसर्किल्स की ओर से किए गए इस सर्वे में दिल्ली समेत एनसीआर के लोगों से 32 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं मिलीं। सर्वे में 32,643 लोगों ने बताया कि उनके घर में इस समय कितने लोग फ्लू या वायरल बुखार जैसे लक्षणों से परेशान हैं। सर्वे के अनुसार, 46 फीसदी लोगों ने बताया कि उनके घर में किसी को भी ऐसे लक्षण नहीं हैं।

### सात साल बाद भारत के दौरे पर आ सकते हैं शी जिनपिंग, 400 लोगों का काफिला होगा साथ

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (न्यूज चैनल)।** नई दिल्ली में 12-13 सितंबर को होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीब 400 अधिकारियों के बड़े प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आने की संभावना जताई गई है। हालांकि उनके आने की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सूत्रों के अनुसार चीनी अधिकारी होटल और सुरक्षा तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। सात साल बाद शी की संभावित भारत यात्रा 2020 की सीमा झड़पों के बाद दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की कोशिशों के लिए महत्वपूर्ण हो सकती है। इसी बीच ह्र अजीत डोभाल की बीजिंग यात्रा और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ बातचीत ने सीमा विवाद को लेकर संवाद की प्रक्रिया को भी गति दी है। अमेरिका की व्यापार नीतियों के बीच भारत और चीन के साझा हित बढ़ने से ब्रिक्स की भूमिका भी अहम हो गई है। मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले एक भारतीय सूत्र ने रॉयटर्स को बताया कि चीनी अधिकारी भारत यात्रा को लेकर होटल और सुरक्षा प्रोटोकॉल को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। हालांकि, शी की यात्रा को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है और अंतिम कार्यक्रम पर काम चल रहा है।

## बिलासपुर एयरपोर्ट का संचालन एएआई को सौंपने का प्रस्ताव, हाईकोर्ट ने जल्द निर्णय लेने के दिए निर्देश

**बिलासपुर, 25 अगस्त (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर में हवाई सुविधा और एयरपोर्ट विस्तार से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई हुई. इस दौरान एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) द्वारा दिए गए उस जवाब को पढ़ा गया, जिसमें राज्य शासन द्वारा एयरपोर्ट का ऑपरेशनल मेंटेनेंस और विकास कार्य का जिम्मा एएआई को देने का प्रस्ताव दिया गया है.

अथॉरिटी की ओर से अपने जवाब में बताया गया कि राज्य सरकार के प्रस्ताव पर सक्रिय रूप से विचार किया जा रहा है और इसे अमली जामा पहनाने के लिए एक मेमोरेंडम आफ अंडरस्टैंडिंग (एम ओ यू) भी ड्राफ्ट किया जा रहा है. खंडपीठ ने इस मसले पर अधिक देरी ना लगाते हुए पॉजिटिव अप्रोच लेकर निर्णय लेने का निर्देश एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया को दिया. राज्य सरकार की ओर से उपस्थित अतिरिक्त महाधिवक्ता ने खंडपीठ को बताया कि जन सुविधा बिल्डिंग का काम पिछड़ने पर मंत्रालय और कलेक्टर दोनों द्वारा संज्ञान



लिया गया है और हाईकोर्ट द्वारा तय की गई नई समय सीमा के आधार पर 20 अक्टूबर तक इसे अवश्य पूरा कर दिया जाएगा. इसके अलावा बाउंड्री वॉल और पेरीफेरी रोड के डामरीकरण के टेंडर भी स्वीकृत होकर कार्य आदेश जारी कर दिया गया है.

याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आशीष श्रीवास्तव और सुदीप श्रीवास्तव ने हवाई उड़ानों में हुई कमी पर ध्यान आकर्षित किया और विशेष रूप से बिलासपुर जबलपुर दिल्ली रूट पर उड़ान बंद हो जाने का मामला उठाया. राज्य सरकार की ओर से जवाब में बताया गया कि आगामी अक्टूबर माह में जो विंटर शेड्यूल लागू होगा उसमें इस पर सुधार करने के लिए आवश्यक विचार विमर्श जारी है और राज्य सरकार की कोशिश होगी कि बिलासपुर से उड़ानों की संख्या को बढ़ाया जाय. याचिकाकर्ताओं की ओर से केंद्र की उड़ान योजना में भी सभी रूट को शामिल कर प्रस्ताव भेजने की मांग की गई. मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को रखी गई है।

### ईपीएफओ और आईटीआर डेटा के दुरुपयोग पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई चिंता, केंद्र को दिए निर्देश

**नई दिल्ली, 25 अगस्त (न्यूज चैनल)।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि निजी कंपनियों की कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और आयकर रिटर्न (आईटीआर) जैसे संवेदनशील डेटा तक पहुंच ''चिंताजनक'' है और केंद्र को ऐसे सुरक्षा उपाय बनाने पर विचार करना चाहिए ताकि ऐसी जानकारी का गलत दुरुपयोग न हो। भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सोमवार को एक व्यावसायिक प्रौद्योगिकी तंत्र के पनपने पर चिंता जताई, जो कथित तौर पर भविष्य निधि और आयकर रिकॉर्ड में मौजूद संवेदनशील निजी जानकारी तक पहुंच बनाता है, उसे प्राप्त करता है और सत्यापित करता है। प्रधान न्यायाधीश ने इस मुद्दे पर पीयूष शर्मा की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए सुझाव दिया कि केंद्र सरकार क्षेत्र विशेषज्ञों की मदद से इस मुद्दे से निपटने के लिए एक असरदार तरीका बनाए।



जनहित याचिका में इस बात पर चिंता जताई गई थी कि निजी कंपनियां वैधानिक नियमों के तहत सरकारी अधिकारियों को दिए गए निजी आंकड़ों तक पहुंच बनाती हैं और उसका व्यावसायिक इस्तेमाल करती हैं। पीठ ने कहा कि यह मुद्दा असल में नीति के दायरे में आता है, लेकिन सरकारी अधिकारियों को कानून के तहत दी गई निजी जानकारी और उसके बाद उसके व्यावसायिक इस्तेमाल की संभावना वाले आंकड़ों तक निजी कंपनियों की पहुंच को ''चिंताजनक'' बताया। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता ने कहा कि उनकी अपनी जांच से पता चला है कि सिर्फ 'परमानेंट अकाउंट नंबर' (पैन) और 'यूनिवर्सल अकाउंट नंबर' (यूएएन) की जानकारी किसी निजी सत्यापन प्रणाली को देने से ही उनके रोजगार से संबंधित पूरी जानकारी उन पहचान सत्यापित करने वालों को मिल गई।

CMYK